# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06 दिसंबर 2024 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- महाकुंभ से पूर्व कई परियोजनाओं का लोकार्पण करने तेरह दिसम्बर को प्रयागराज आयेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले कल तैयारियों का जायजा लेने पहुंचेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।
- विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में साल में दो बार दाखिले सहित कई बदलावों को लेकर यूजीसी की तरफ से गाइडलाइन जारी। पिछली योग्यता से इतर भी विषय का चयन कर सकेंगे छात्र।
- कृषि यंत्रों की खरीद पर अनुदान देगी सरकार। अनुदान के लिये आज से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे किसान।
- संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस आज। प्रदेश भर में आयोजित होंगे श्रद्धांजलि के कार्यक्रम।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेरह दिसंबर को महाकुम्भ दो हजार पच्चीस की तैयारियों का जायजा लेने तथा कई परियोजनाओं का लोकार्पण करने महाकुंभनगर और प्रयागराज आयेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री प्रयागराज और वाराणसी के बीच के रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजना का भी शुभारंभ करेंगे। रेलवे की तरफ से प्रयागराज और वाराणसी के बीच ट्रैक दोहरीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। इसके अन्तर्गत गंगा रेल ब्रिज का निर्माण कार्य भी पूरा हो चुका है। आठ दिसंबर को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव परियोजना का निरीक्षण करेंगे। महाकुम्भ के दौरान इस ट्रैक से ट्रेनों का परिचालन शुरू हो जाएगा।

प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल प्रयागराज आकर सभी तैयारियों का जायजा लेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन के संबंध में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि सभी तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। इन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा।

प्रयागराज में महाकुंभ में आने वाले लोगों को सुरक्षित स्नान करवाने के साथ–साथ किसी भी संभावित आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ टीम ने भी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 11 राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आने वाले श्रद्धालुओं को सहायता प्रदान करना और सुरक्षित स्नान करवाना प्रथम जिम्मेदारी है।

***थाने में भी जो जिला प्रशासन का आपदा प्रबंधन विभाग है और जो नगर निगम है जल पुलिस है और एनडीआरएफ उसके बीच समन्वय स्थापित हो चुका है। अभी–अभी बृहद रूप से उसके विषय में दिशा निर्देश जारी कर दिये गये और जो–जो योजनाएं पहले भी यहां लागू होती रही है कि जिससे ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु यहां पर आये और यहां पर आयोजन हमारा सुगम और सुरक्षित रहे, उसे लिये जो भी कार्रवाई करनी है वो हो रही है।***

**********

प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दौरान आकाशवाणी और दूरदर्शन पर कवरेज और प्रसारण की तैयारियों का जायजा लेने के लिए केन्द्रीय सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों का एक उच्चस्तरीय दल चार और पांच दिसंबर को प्रयागराज के दौरे पर रहा। इस दल में शामिल प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कल प्रयागराज संगम तट पर कवरेज स्थलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ पीआईबी के प्रधान महानिदेशक धीरेंद्र ओझा, आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद और दूरदर्शन समाचार की महानिदेशक प्रिया कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। श्री द्विवेदी ने बताया कि प्रसार भारती की तरफ से महाकुंभ को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आकाशवाणी और दूरदर्शन में अलग–अलग तरह के कार्यक्रम बनाए जाएंगे। साथ ही प्रयागराज से कुंभ वाणी एफएम चैनल का प्रसारण किया जाएगा।

***जनवरी 2025 में महाकुंभ का आयोजन प्रारम्भ होगा और इसके लिये हमारी प्रसार भारती की तरफ से जो तैयारियां है हमारे दोनों अंग दूरदर्शन, आकाशवाणी इनके द्वारा तैयारियां कुछ महीने पहले से प्रारम्भ की जा चुकी है। इन सभी जगहों पर हमारे लगभग 50 से अधिक कैमरास की व्यवस्था हम कर रहे है और इन सभी माध्यमों से हमें जो इनपुट प्राप्त होते है उनको यथा आवश्यक हम लाइव या पैकेज करके अन्य कार्यक्रमों में सिगमेंट के तौर पर प्रस्तुत करेंगे। आकाशवाणी की तरफ से कुंभ की समापति एफ एम चैनल भी शुरू किया जा रहा है। 103.8 मेगा हर्ट्स पर ये चैनल जनवरी के प्रथम सप्ताह में ये चैनल किसी तरीख से शुरू हो जायेगा।***

**********

विश्व विद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी ने विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में साल में दो बार दाखिले सहित कुछ अन्य बदलावों को लेकर कल गाइडलाइन जारी की। इसमें स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में व्यापक सुधार की योजना एक साथ दो डिग्री हासिल करने की व्यवस्था की गयी है। गाइडलाइन के अनुसार स्नातक और परास्नातक के लिये पात्रता को अलग कर दिया गया है। छात्र अपनी पिछली योग्यता से इतर किसी भी कार्यक्रम का चयन कर सकते हैं। इसके मुताबिक किसी विषय या स्ट्रीम से बारहवीं करने वाले छात्र अब अपनी पसंद के किसी भी विषय से स्नातक कर सकेंगे। वे दो बार दाखिले की सुविधा के तहत वर्ष में दो बार नामांकन कर सकेंगे।

**********

कृषि विभाग की तरफ से कृषि यंत्रीकरण योजना और फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अन्तर्गत किसानों को कृषि यंत्रों की खरीद पर सरकार की तरफ अनुदान दिया जायेगा। कल्टीवेटर, मल्टीक्रॉप थ्रेसर, स्ट्रारीपर आदि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करने के लिये कृषि विभाग की वेबसाइट पर आज से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा।

**********

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र सोलह दिसंबर से शुरू होगा। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। एक रिपोर्ट–

***विधानमंडल के दोनों सदनों– विधान सभा और विधान परिषद की कार्यवाही सोमवार, 16 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगी। वर्ष 2024 का यह तृतीय सत्र होगा। इस दौरान राज्य सरकार विभिन्न विधेयकों और बजट से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेगी। विपक्ष भी जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने की तैयारी में है। सत्र को लेकर सभी दलों ने अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।***

**********

सम्भल में चौबीस नवम्बर को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुयी हिंसा के बाद प्रशासन ने उपद्रवियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्ती तेज कर दी है। संभल के एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा है कि उपद्रवियों से ही नुकसान की वसूली की जाएगी। हिंसा मामले में अब तक तीस से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। संभल में हिंसा के बाद दूसरे जुमे की नमाज को देखते हुए जिला प्रशासन की तरफ से आज सुरक्षा–व्यवस्था की विशेष तैयारी की गई है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अयोध्या में तैंतालीसवें रामायण मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री योगी ने कहा कि अयोध्या धाम को पुरातन गौरव प्राप्त हो, इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के आदर्शों को याद किया और कहा कि डॉक्टर लोहिया ने अलग–अलग क्षेत्रों में रामायण मेले, रामायण उत्सव के कार्यक्रम प्रारंभ कराए। उन्होंने कहा कि लोहिया के नाम पर राजनीति करने वालों को उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए।

***डॉ0 लोहिया राजनीति में आकर्षण के प्रतीक माने जाते थे। उन्होंने आज के समाजवादियों को कहा था राजनीति में सच्चा समाजवादी वही है जो सम्पत्ति और सन्तति के मोह से मुक्त है। आज के समाजवादी परिवारदी हो गये है। लोहिया के नाम पर राजनीति करेंगे मगर लोहिया के एक भी आदर्श को अपने जीवन में अंगीकार नहीं करेंगे।***

मुख्यमंत्री जानकी महल में आयोजित श्रीराम जानकी विवाह उत्सव में भी शामिल हुए।

**********

खेल निदेशालय के तत्वावधान में महंत दिग्विजयनाथ राज्य स्तरीय प्राइजमनी पुरुष बास्केटबॉल और महंत अवेद्यनाथ राज्य स्तरीय प्राइजमनी पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आज से आठ दिसंबर तक गोरखपुर के महाराणा प्रताप इंटर कालेज के खेल मैदान में होगा। इसमें प्रदेश की दस पुरुष वॉलीबॉल टीम एवं आठ पुरुष बास्केटबॉल टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता का उद्‌घाटन आज सुबह दस बजे प्रदेश के खेल निदेशक डॉक्टर आरपी सिंह करेंगे।

**********

आज संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस है। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहें हैं। कई स्थानों पर उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देने का क्रम शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा–सुमन अर्पित करेंगे। बाबा साहब आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आज शाम प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग की तरफ से आम्बेडकर मेमोरियल गोमती नगर लखनऊ में सांस्कृतिक सुर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसमें महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

**********